卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 270 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦7 जुलाई 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in



GAGNEJA PROPERTIES

CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE

✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land

REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE

MO.-8630672525,8279444462

ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur


## राहुल गांधी की सजा पर रोक की मांग वाली याचिका खारिज

अहमदाबाद (उद संवददाता)।मोदी उपनाम वाली टिप्पणी को लेकर आपराधिक मानहानि मामले में गुजरात हाईकोर्ट ने राहुल गांधी की सजा पर रोक की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। मानहानि मामले में राहुल गांधी को दोषी करार दिया गया था। उन्हें दो साल की सजा सुनाई गई थी। न्यायमूर्ति हेमंत प्रच्छक ने कहा कि राहुल के खिलाफ कम से कम 10 आपराधिक मामले लंबित हैं। मौजूदा केस के बाद भी उनके खिलाफ कुछ और केस भी दर्ज हुए। ऐसा ही एक मामला वीर सावरकर के पोते ने



दायर किया है। न्यायमूर्ति ने आगे कहा कि दोषसिद्धि से कोई अन्याय नहीं होगा। दोषसिद्धि न्यायसंगत एवं उचित है। पहले दिए गए आदेश में हस्तक्षेप करने की कोई आवश्यकता नहीं है। इसलिए आवेदन खारिज किया जाता है। इससे पहले जस्टिस प्रच्छक ने मई में राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई करते हुए उन्हें अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा था कि वह ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद अंतिम आदेश पारित करेंगे। राहुल गांधी के वकील ने 29 अप्रैल को सुनवाई के दौरान गुजरात हाईकोर्ट में तर्क दिया था कि एक जमानती और गैर–संज्ञेय अपराध के लिए अधिकतम दो साल की सजा का मतलब है कि उनके मुवक्किल अपनी लोकसभा सीट खो देंगे। दरअसल, राहुल (शेष पृष्ठ सात पर)

## खाई में गिरी बाइक,एक युवक की मौत दो गंभीर

टिहरी (उद संवाददाता)। देर रात ब्यासी पुलिस चौकी क्षेत्र के शिवपुरी में एक मोटरसाईकिल खाई में गिर गयी। हादसे में एक युवक की मौत हो गयी जबकि दो की हालत गंभीर है। रेस्थ्यू टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को खाई से निकालकर अस्पताल भिजवाया। शुक्रवार देर रात 1बजे पुलिस चौकी ब्यासी द्वारा एसडीआरएफ टीम को सूचित किया गया कि शिवपुरी के पास एक मोटरसाईकल खाई में दुर्घटनाग्रस्त हो गयी है।सूचना पर



एसडीआरएफ टीम उप निरीक्षक नीरज चौहान के नेतृत्व में तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। घटनास्थल पर पहुँचकर पता चला कि बाइक संख्या यूपी72बीडी 6475 पर सवार 3 व्यक्ति ऋषिकेश से श्रीकेदारनाथ दर्शन (शेष पृष्ठ सात पर)

# आंतरिक सर्वे ने उड़ाई भाजपा के सांसदों की नींद

### उत्तराखंड के तीन सांसदों का कामकाज संतोषजनक नहीं, आगामी लोकसभा चुनाव में कट सकता है पत्ता

■ अर्श

रूद्रपुर। भारतीय जनता पार्टी ने 2024 के आम चुनावों में बड़ी जीत हासिल करके नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की तैयारियां बड़े जोर शोर से आरंभ कर दी हैं। अपनी इन्हीं रणनीतिक तैयारियों के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी द्वारा हाल ही में एक महा जनसंपर्क अभियान आयोजित किया गया है । माह भर चले इस महा जनसंपर्क अभियान में, जहां भारतीय जनता पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओं ने जहां घर घर पहुंच कर आगामी आम चुनाव में प्रधान मंत्री नरेंद्र



मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने की अपील की है, वहीं सांसद क्षेत्रीय सांसदों के कामकाज को कसौटी बनाकर जनता का मन भी टटोला




है। खबर है कि इस समूचे अभियान में भारतीय जनता पार्टी द्वारा कराए गए आंतरिक सर्वे में, उत्तराखंड के तीन भाजपा सांसदों के बारे में जनता से प्राप्त फीडबैक, भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं है। लिहाजा अब पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव में इन सांसदों को दोबारा चुनाव में ना उतारने की योजना पर विचार करना आरंभ कर दिया है। पार्टी सूत्रों का कहना है इन सांसदों के क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी की स्थिति तो ठीक है मगर इन सांसदों का कामकाज संतोषजनक नहीं है। सूत्रों का कहना है की पार्टी द्वारा इन सांसदों को आगाह भी कर दिया गया है। कहने की जरूरत नहीं की पार्टी द्वारा सांसदों के कामकाज पर आंतरिक सर्वे कराए जाने की जानकारी सामने आने के बाद उत्तराखंड कि सभी भाजपा सांसदों की आंखों की नींद उड़ गई है और उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी का टिकट हासिल करने के लिए तिकड़म भिड़ानी आरंभ कर दी है । बताना होगा कि भारतीय जनता पार्टी ने महा जनसंपर्क अभियान के तहत सभी सांसदों के प्रदर्शन पर तीन स्तर पर फीडबैक हासिल किया गया है। पहला,पीएमओ के स्तर पर और दूसरा, राष्ट्रीय नेतृत्व के स्तर पर और तीसरा ,राज्य संगठन के स्तर पर । हालांकि पार्टी नेतृत्व स्तर पर अभी इस संबंध में कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है, लेकिन समझा जाता है कि दिल्ली में आज (शेष पृष्ठ सात पर)

## हल्दूचौड़ के युवक की जयपुर में संदिग्ध मौत

लालकुंआ (उद संवाददाता)। ग्राम पंचायत हल्दूचौड़ दौलिया के दौलिया डी क्लास निवासी एक युवक की राजस्थान के जयपुर शहर के एक प्रतिष्ठित होटल में मौत हो गयी। शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। मृतक 22 वर्षीय निखिल अविवाहित था। बताया जा रहा है कि गौरापड़ाव स्थित निजी संस्थान से होटल मैनेजमेंट कर जयपुर के मालवीय नगर स्थित प्रतिष्ठित हयात होटल में जॉब कर (शेष पृष्ठ सात पर)

## भारी बारिश का अलर्ट,कल स्कूल रहेंगे बंद

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भारी बारिश की चेतावनी के चलते जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। जिलाधिकारी ने मौसम विभाग की भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए जिले में 8 जुलाई को समस्त आंगनबाड़ी केन्द्र, शासकीय, मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालय एवं निजी विद्यालयों में अवकाश घोषित किया है। साथ ही अधिकारियों कर्मचारियों के अवकाश पर रोक लगा दी है। बता दें मौसम विज्ञान विभाग देहरादून ने उत्तराखण्ड राज्य के लिये 5 दिनों को मौसम पूर्वानुमान जारी किया गया है जिसमें जुलाई से 10 जुलाई तक जिले में



गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने ,वर्षा की तीव्र से अति तीव्र बौछार होने की सम्भावना जतायी गयी है। जिसको देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। मौसम विभाग द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने शुक्रवार को आपदा कंट्रोल रूम पहुंचकर जिले के (शेष पृष्ठ सात पर)

## मायके से लौट रही महिला का झपटा पर्स

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला मुख्यालय पर्स स्नेचरों का गढ़ बन चुका है। यहां एक के बाद एक पर्स छीनने की घटनायें घटित हो रही हैं परंतु पुलिस सिर्फ घटनाओं को अंजाम देने वालों की तलाश में ही लगी है। इसी क्रम में गत दिनों अपने मायके से पति के साथ बाईक पर सवार होकर आ रही महिला के हाथ से पीएसी गेट के सामने बाईक सवार अज्ञात बदमाशों ने पर्स झपट लिया और फरार हो गये। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में प्रमोद कुमार राय पुत्र पंचानन राय निवासी आवास विकास, वार्ड 6 ट्रांजिट कैम्प ने कहा है कि 29 जून को रात्रि वह अपनी पत्नी के साथ मोटर साइकिल सेख्या यूके 06 एई 6887 से अपनी ससुराल से अपने घर आवास विकास जा रहा था। जब वह पीएसी कमाण्ड गेट के पास पहुँचा तो पीछे से एक मोटर साइकिल में सवार दो व्यक्ति आये जिनमें से पीछे बैठे व्यक्ति ने उसकी पत्नी के हाथ में पकड़ा पर्स खीचकर छीन लिया। जिसका दोनों ने विरोध किया । मोटर साइकिल रोकने तक (शेष पृष्ठ सात पर)

## दरोगा पर वाहन चढ़ाने वाले एक आरोपी को भेजा जेल

### फरार आरोपी की तलाश जारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। चैन लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद भागते समय दरोगा पर बाइक चढ़ाने वाले दो बदमाशों में से एक को पुलिस ने कोर्ट में पेश



करने के बाद जेल भेज दिया है। जबकि अस्पताल से पुलिस को चकमा देकर फरार हुए आरोपी की तलाश में कई टीमें जुटी हैं। एसएसपी मंजूनाथ टिसी ने शुक्रवार को खुलासा करते हुए बताया कि 4 जुलाई की रात को सिडकुल चौकी की टीम वाहन चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान (शेष पृष्ठ 7 पर)

## तालाबों की खुदाई में करोड़ों का खेल

### बेहड़ ने डीएम से की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पूर्व मंत्री एवं किच्छा के विधायक तिलकराज बेहड़ ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार किच्छा विधानसभा के अंतर्गत पूर्व में तथा वर्तमान में खोदें गए तालाबों की जांच की मांग की है। ज्ञापन में बेहड़ ने कहा कि किच्छा के ग्राम महाराजपुर के समीप राजस्व ग्राम श्रीपुर में एक तालाब खुदान का कार्य चल रहा था ,जो कि सरकारी दस्तावेजों के अनुसार एनएचएआई के नाम से कराया जा रहा था और जिसका रायल्टी चार्ज लगभग 2 लाख रूपये से भी कम जमा कराया गया था । तालाब खुदान का जो कार्य चल रहा था वो सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को ताक में रखकर पूर्ण रूप से इसके विपरीत चल रहा था । मानकों के आधार पर 1000 घन मीटर के क्षेत्रफल पर खुदान होने की परमिशन ली गयी थी किन्तु इसकी आड़ में इसका 20 गुना खुदान कर दिया गया, सरकारी प्रोटोकाल (शेष पृष्ठ सात पर)




आवश्यकता है

रुद्रपुर के विभिन्न क्षेत्रों में शाम को उत्तरांचल दर्पण समाचार पत्र वितरित करने के लिए युवकों की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन

-संपर्क करें-

9760205563

# हर हर महादेव,हर हर गंगे के जयकारे के साथ उमड़ रहे कांवड़िये

## अब तक 20 लाख से ज्यादा कांवड़िये गंगाजल भरने हरकी पैड़ी पहुंचे

हरिद्वार(उद ब्यूरो)। कांवड़ यात्रा शुरू होने के दो दिन बाद ही कांवड़ पटरी से लेकर हाईवे बाईपास तक पूरा मार्ग भगवा हो गया है। कांवड़िये कंधों पर कांवड़ लिए बम-बम भोले और हर-हर महादेव के उद्घोष करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। वहीं यात्रा में अब कांवड़ियों के विभिन्न रंग नजर आने लगे हैं। किसी के कंधे पर गंगाजल की मटकियां है तो कोई कंधे पर शिवलिंग उठाकर आगे बढ़ रहा है। बारिश से लेकर तेज धूप भी कांवड़ियों के मार्ग की बाधा नहीं बन पा रहे हैं। कांवड़ मेले में लगातार शिवभक्त हरिद्वार पहुंच रहे हैं। मेले के तीसरे दिन 10 लाख 50 हजार कांवड़ियों ने गंगाजल भरा और अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए। बृहस्पतिवार की दोपहर से पंचक लगने के बाद कांवड़ियों के कदम रूक गए हैं। बेहद कम संख्या में शिवभक्त कांवड़ उठा रहे हैं। 10 जुलाई की शाम को पंचम खत्म होगी। पंचम खत्म होते ही बड़ी संख्या में कांवड़ लेकर शिवभक्त रवाना होंगे। तीन दिन के अंदर 20 लाख 10 हजार कांवड़िये गंगाजल भरकर रवाना हो चुके हैं। पहले दिन 1.10 लाख और दूसरे दिन 8.50 लाख कांवड़ियों ने गंगाजल भरा था। अब तीसरे दिन 10 लाख 50 हजार शिवभक्त गंगाजल लेकर रवाना हुए हैं। बुध वार मध्य रात्रि से बृहस्पतिवार की दोपहर तक हुई बारिश के चलते कांवड़ियों को परेशानी उठानी पड़ी। किसी तरह से बारिश के बीच ही कांवड़िये आगे बढ़ते रहे। अब बृहस्पतिवार की दोपहर से पंचक लगने से शिवभक्तों के कदम रूक गए हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार पंचक लगने के बाद अधिकांश शिवभक्त कावंड़ नहीं उठाते हैं और पंचम खत्म होने पर ही कांवड़ लेकर जाते हैं। 10 जुलाई की शाम को पंचक खत्म होगी। हालांकि अभी भी काफी संख्या ऐसे कांवड़िये देखे जा रहे हैं जो पंचक शुरू होने के बावजूद भी कांवड़ लेकर रवाना हो रहे हैं।इस बार कांवड़ में भी कांवड़ियों के विभिन्न रंग दिखाई दे रहे हैं। कांवड़िये बम-बम भोले और हर-हर महादेव,हर हर गंगे के जयकारे लगाते हुए बढ़ रहे हैं।






## कांवड़ यात्रा में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद,एसडीआरएफ तैनात

हरिद्वार। एडीजी लॉ एंड ऑर्डर वी.मुरूगेशन ने गरूवार को कावंड़ मेला क्षेत्र हरिद्वार, नीलकंठ, लक्ष्मणझूला का निरीक्षण कर पुलिस व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पुलिस जवानों को कावंड़ियों के साथ मधुर व्यवहार करने एवं यातायात व भीड़ प्रबंधन पर अधिक ध्यान देने हेतु निर्देशित किया। साथ ही कांवड़ यात्रा में बेहतर कार्य करने वाले 11 पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया। हरिद्वार स्थित हर की पैड़ी सहित विभिन्न गंगा घाटों पर शिवभक्त कावंड़ियों की चहल-पहल। कावंड़िये उत्तराखण्ड पुलिस की चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था में पवित्र गंगाजल लेकर अपने गंतव्यों को प्रस्थान कर रहे हैं। हरिद्वार पुलिस ने शंकराचार्य चौक पर शिवभक्तों के लिए सेल्फी प्वाइंट बनाया है शिवभक्त सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेकर अपनी कावंड़ यात्रा को यादगार बनाएं। कावंड यात्रा के दौरान लक्ष्मणझूला क्षेत्रान्तर्गत सभी संवेदनशील स्नान घाटों पर पुलिस, जल पुलिस एवं एसडीआरएफ के जवान राफ्ट के साथ तैनात हैं। साथ ही खतरनाक घाटों को बल्लियां लगाकर बंद किया गया है। कांवड़ यात्रा की सुरक्षा के मद्देनजर टिहरी गढ़वाल मेला क्षेत्र में बम डिस्पोजल स्क्वाड, बॉम्ब डिस्पोजल स्क्वॉड , डॉग स्क्वॉड एवं क्विक रिस्पांस टीम द्वारा जानकी पुल, आस्था पथ, कैलाश गेट पार्किंग, चंद्रभागा पार्किंग में सघन चेकिंग की जा रही है।



## विभिन्न वार्डों में पहुंचकर मेयर ने लिया जल भराव का जायजा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। लगातार हो रही बारिश को देखते हुए मेयर रामपाल सिंह ने शहर के विभिनन वार्डो में जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने जल निकासी के लिए निगम कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये।दो दिन से हो रही बारिश और मौसम विभाग द्वारा जारी किये गये अलर्अ को देखते हुए मेयर रामपाल ने शुक्रवार को वार्ड नंबर 5 मुखर्जी नगर, वार्ड नंबर 6 जगतपुरा , वार्ड नंबर 39 जगतपुरा पूर्वी आदि निचले स्थानों पर पार्षद निमित शर्मा एवं मंडल महामंत्री राधेश शर्मा एवं वार्ड वासियों के साथ जल भराव का स्थलीय निरीक्षण किया । मेयर ने भारी वर्षा के कारण अत्यधिक जलभराव होने की स्थिति में लोगों को सावधानी बरतने के लिए जागरूक किया । मेयर ने कहा कि नगर निगम जलभराव से निपटने के लिए अपने सतर से प्रयास कर रहा है लोगों को भी सचेत रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों वार्ड 16से उतत्र प्रदेश को जाने वाली कल्याणी नदी की जेसीबी से तली झाड़ सफाई करायी गयी जिससे इस बार जलभराव से राहत मिली है। मेयर ने नगर निगम कर्मियों से बरसात की चेतावनी को देखते हुए अलर्ट रहने के निर्देश भी दियें।





## बस और कैंटर की भिड़ंत, कैंटर चालक घायल

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)।भतरौजखान से रामनगर जा रही रोडवेज अस और कैंटर की पनुवादोखन के पास भिड़ंत हो गयी। हादसे में कैंटर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए चिकित्सालय ले जा गया है। शुक्रवार प्रात: लगभग 8.30 बजे भतरौजखान पुलिस को सूचना मिली कि पनुवादोखन के पास भतरौजखान की ओर से रामनगर को जा रही रोडवेज और रामनगर से भतरौजखान को आ रही कैंटर आपसी टक्कर में दुर्घटनाग्रस्त हो गई हैं। सूचना



पर थानाध्यक्ष भतरौजखान मदन मोहन जोशी पुलिस बल को लेकर तत्काल मौके पर पहुंचे, दुर्घटना में घायल कैंटर चालक प्रकाश चंद्र पुत्र मोहन राम निवासी लखनपुर चुंगी रामनगर के पैर पर चोट आयी हुई थी,जिसको प्राईवेट वाहन की सहायता से रामनगर उपचार हेतु भेजा गया। बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित है, जिनको अन्य वाहन से अपने-अपने गतव्य को भेजा गया। भतरौजखान पुलिस बल द्वारा रोडवेज व कैंटर की टक्कर से बाधित यातायात को सुचारु किया गया ।

## चाकू के साथ बदमाश गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस ने गश्त के दौरान चाकू की नोक घटनाओं को अंजाम देने वाले बदमाश को अवैध चाकू सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार उनि धीरज टम्टा क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना वह मोदी मैदान के पास पहुंचे और कानि. राकेश खेतवाल को तत्काल बुलवाया। मोदी मैदान में खडा युवक जब पुलिस को देखकर जाने लगा तो संदेह होने पर उसका पीछा कर कुछ दूरी पर पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता विकास कुमार उर्फ दद्दा पुत्र सोनू वाल्मीकी निवासी चामुण्डा मन्दिर के पीछे वाली गली शिवनगर वार्ड 8 ट्रांजिट कैम्प बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक नाजायज चाकू बरामद हुआ।

## चोरों ने घर से लाखों की नगदी और जेवर उड़ाये

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। अज्ञात चोरों ने आवास विकास में टायर कारोबारी के घर धावा बोलकर लाखों रुपये की नकदी और जेवरात चोरी कर लिये। सुबह जानकारी होने पर पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेजों में कैद संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार आवास विकास स्थित गुरुद्वारे के पीछे रहने वाले रनवीर सिंह की श्याम टाकीज रोड पर टायर की दुकान है। बुधवार की देर रात वह दुकान बंद कर घर पहुंचे और परिवार के साथ खाना खाकर नीचे के कमरों में सो गए, जबकि गुरुवार को दूसरे मंजिल पर परिवार का कोई सदस्य नहीं सोया था। जिसका फायदा उठाकर चोरों ने दीवार पर चढ़कर दूसरी मंजिल में प्रवेश किया और अलमारी का लॉक तोड़कर अंदर रखी डेढ़ लाख रुपये की नगदी और करीब 5 तोले सोने के जेवर चोरी कर लिए। गुरुवार की सुबह जब वह दोमंजिले में गए तो सामान बिखरा और अलमारी का लॉक टूटा मिला। सूचना मिलने पर आवास विकास चौकी प्रभारी नीमा बोहरा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं और घटनास्थल का मौका मुआयना किया। इस दौरान पुलिस ने जब घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगालना शुरू किया तो कुछ संदिग्ध कैमरे में देखे गए। मकान स्वामी रनवीर सिंह ने चौकी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

## शेर नाले में बही कार, चालक ने बमुश्किल बचाई जान

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। चोरगलिया क्षेत्र में शेर नाला अचानक उफानपर आ गया, जिसमें एक कार बह गई। चालक ने बमुकिश्ल कार से निकलकर अपनी जान बचायी। पहाड़ों पर पिछले कई दिनों से बारिश जारी है जिसके चलते शेर नाला उफान पर आ गया है। शुक्रवार को नाले में एक कार तेज बहाव में बहती चली गई। कार चालक सही समय पर कार से उतर गया। पुलिस ने दोनों तरफ के वाहनों को रोक दिया है और पानी के पान को कम होने का इंतजार किया जा रहा है। बता दें पिछले साल भी इस नाले में इसी प्रकार की कई और घटनाएं हुई लिहाजा पुलिस लगातार लोगों से रिस्क न लेने की अपील करती आ रही है।



## महिला की हत्या के मामले में तीन महिलाओं सहित पांच गिरफ्तार

रामनगर(उद संवाददाता)। गुरुवार की शाम ग्राम देवीपुरा बासीटीला इलाके में खेत की मेड काटने को लेकर दो पक्षों में हुए खूनी संघर्ष के बाद दोनों पक्षों की ओर से 7 लोग घायल हो गए थे जिसमें एक पक्ष से एक महिला की फावड़े से हमला करने के दौरान दर्दनाक मौत हो गई थी वही महिला का एक पुत्र जो इस घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था उसका काशीपुर के एक निजी चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि इस मामले में मृतक महिला पार्वती देवी के पुत्र भूपेंद्र कुमार की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ धारा 302 एवं धारा 307 आईपीसी के तहत कई ध ाराओं में अभियोग दर्ज किया गया था उन्होंने बताया कि इस मामले में पुलिस द्वारा हरपाल सिंह, अमित, राजबाला, रासु देवी निवासी गण ग्राम देवीपुरा बासी टीला एवं गीता निवासी दुल्हापुर ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद को गिरफ्तार कर उन्हें कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की गई है कोतवाल ने बताया कि घटना के संबंध में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।



## लगातार बारिश के बाद दूसरे दिन भी ढेला नदी का बढ़ा जलस्तर,वाहनों की लगी कतार

रामनगर(उद संवाददाता)। रामनगर व आस-पास के इलाके में 2 दिन से लगातार हो रही तेज बारिश के कारण नदी एवं बरसाती नाले पूरी तरह उफान पर हैं लेकिन इसके बावजूद भी कई वाहन चालक प्रशासन की अपील के बाद भी अपनी जान को जोखिम में डालकर इन बरसाती नालों को पार कर रहे हैं ऐसे में कभी भी कोई भी अप्रिय घटना घटने की संभावना बनी हुई है शुक्रवार को ढेला नदी का जलस्तर लगातार बारिश के बाद बढ़ गया जिससे इस नदी के दोनों जहां एक ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई तो वहीं ग्रामीणों का शहर से भी पूरी तरह संपर्क टूट गया लेकिन इस नदी में कुछ युवक अपनी जान को जोखिम में डालकर बाइक से नदी पार करते हुए दिखाई दिए जिन्हें वहां मौजूद लोगों द्वारा रोकने के लिए कहा गया लेकिन यह लोग नहीं माने इस संबंध में कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि मौसम विभाग द्वारा भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया गया जिसके बाद पुलिस एवं प्रशासन द्वारा भी बरसाती नालों के आसपास साइन बोर्ड लगाकर लोगों से पानी के बढ़े जलस्तर के दौरान नदी एवं नाले पार ना करने की अपील की जा रही है उन्होंने कहा कि नदी नालों के उफान के चलते कोई भी व्यक्ति अपनी जान जोखिम में ना डालें और जलस्तर कम होने के बाद ही प्रवेश करें कोतवाल ने कहा कि यदि नियमों का उल्लंघन करते कोई पाया गया तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



# सभी वर्गों के हित कांग्रेस में ही सुरक्षित: शर्मा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर के वार्ड 26 सीरगोटिया में महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सीपी शर्मा ने सर्वसम्मति से बिलाल खान को वार्ड अध्यक्ष घोषित किया। नवनियुक्त वार्ड अध्यक्ष का कांग्रेसजनों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर महानगर कांग्रेस



अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। मुस्लिम समाज के हित कांग्रेस में ही सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा आज देश भर में नफरत का माहौल बनाने का काम कर रही है। जाति और धर्म के नाम पर एक दूसरे को नीचा दिखाने का काम किया जा रहा है। भाजपा सरकार में गंगा जमुनी तहजीब को नष्ट भ्रष्ट किया जा रहा है। आज ऐसी ताकतों को सबक सिखाने की जरूरत है। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी नफरत फैलाने वालों के खिलाफ लोगों को एकजुट करने के लिए मोहब्बत की दुकान अभियान चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा धर्म और जाति के नाम पर लोगों को लड़ा रही है। ऐसे लोगों को अब सबक सिखाने की जरूरत है। सीपी शर्मा ने मेयर पर निशाना साधते हुए कहा कि विकास के नाम पर सिर्फ कोरी घोषणाएं की जा रही है। दो साल पहले शहर में बाढ़ ने तबाही मचाई थी लेकिन इससे नगर निगम निगम ने सबक नहीं लिया आज शहर में थोड़ी सी बारिश से फिर बाढ़ के हालात पैदा हो गये हैं। जलभराव से निपटने के लिए पुख्ता इंतजाम करने में नगर निगम प्रशासन फेल हो गया है जिसके चलते बस्तियों मे रह रहे हजारों लोगों पर बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है उनकी नींद उड़ी हुयी है। श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुयी है। उन्होंने आगामी नगर निगम चुनाव में वार्ड से कांग्रेस का पार्षद बनाने के साथ ही मेयर की सीट पर भी कांग्रेस का परचम लहराने का आहवान किया। इस अवसर पर महानगर कमेटी के महासचिव नदीम खान और पूर्व सभासद सलीम खान ने अपने सम्बोधन में कहा कि सीपी शर्मा के महानगर अध्यक्ष बनने के बाद कार्यकर्ताओं में नये उत्साह का संचार हुआ है। लम्बे समय बाद वार्डों में कमेटियों का गठन हो रहा है इसके भविष्य में सार्थक परिणाम सामने आयेंगे। उन्होंने कहा कि सीरगोटिया में बिलाल खान को वार्ड अध्यक्ष बनाकर कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान किया गया है। इससे वार्ड में कांग्रेस मजबूत होगी और आगामी निकाय चुनाव में पार्टी को इसका लाभ मिलेगा। बैठक को कांग्रेस नेता गोपाल भसीन और सतीश कुमार ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर दिलशाद अहमद, सुहैल खान, वसीम खान, शादाब खान, सुहेल रजा, मुजीब खान, असलान खान, समीर खान, नईम खान, रिजवान खान, शाहिद खान, विक्की खां, शब्बू खां, समीर खान, जीशान खान, इरफान खान,सैफ अली, फैसल खान, मकदूम अली, जुल्फिकार अहमद, असलम जावेद खान आदि मौजूद थे।

# ई रिक्शा से बैट्री चोरी करने वाले चार शातिर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। घर के बाहर खड़े ई रिक्शा से बैटरियां चोरी करने वाले चार चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर है। इनके कब्जे से चोरी की गई बैटरियां भी बरामद की गई हैं। जानकारी के अनुसार राम कुमार पुत्र राम सरन निवासी इन्द्रानगर ने 4 जुलाई को अपना ई रिक्शा संख्या यूके 04 ईआर 2085 घर के बाहर चार्जिंग में लगाया था। इस बीच चोर ने ई रिक्शा से बैटरी चोरी कर ली। इसी तरह चोरों ने जवाहर नगर निवासी अजय राज पुत्र नरेश चंद के ई रिक्शा संख्या यूके 04 ईएफ -2158 में लगी बैटरी पर भी हाथ साफ कर दिया। पीड़ितों की तहरीर पर बनभूलपुरा थानाअध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा चोरों की तलाश शुरू करने के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ चोर ई रिक्शा की बैटरियां बेचने की फिराक में हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने चोरों को पकड़ने के लिए अपना जाल बिछाते हुए चार चोरों को दबोच लिया।



पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता शाहनवाज, करन उर्फ लाल पुत्र लल्ला बाबू, फरीउद्दीन पुत्र जमीलुद्दीन, कैलाश पुत्र सूरज सभी निवासी जवाहर नगर बताया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से चोरी गई बैटरियां बरामद कर ली हैं। पुलिस ने पकड़े गए चारों बैट्री चोरों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक वीरेंद्र चंद्र, का. परवेज अली व भूपेंद्र सिंह ज्येष्ठा शामिल थे।

# चार छात्राओं का एसएचई के लिए चयन

गरुड़(उद संवाददाता)। खोलिया विवेकानंद इंटर कॉलेज गरुड़ के चार छात्राओं का स्कॉलरशिप ऑफ हायर एजुकेशन(एसएचई) के लिए चयन हुआ है। बच्चों की इस उपलब्धि पर शिक्षकों व अभिभावकों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी है।विद्यालय के इंटरमीडिएट की छात्रा हेमा जोशी, लक्की पांडे, योगिता तुलेरा व वैशाली भट्ट का चयन एसएचई के लिए हुआ है। विद्यालय के प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र जोशी ने इन छात्राओं को उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद द्वारा प्राप्त चयन का प्रमाण पत्र देते हुए कहा कि एसएचई उच्च शिक्षा में भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा विज्ञान की पढ़ाई के लिए दी जाने वाली छात्रवृत्ति है। इसमें प्रतिवर्ष अस्सी हजार की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। यह छात्रवृत्ति पोस्ट ग्रेजुएशन तक मिलती रहती है। बच्चों की इस उपलब्धि पर विद्या भारती के प्रदेश



कार्यकारिणी सदस्य नंदन सिंह अल्मिया, प्रबंधक विपिन चंद्र तिवारी, अध्यक्ष हरी दत्त जोशी,जीत सिंह नेगी, डॉ.डीएस रावत, कैलाश जोशी,जीवन चंद्र दुबे,परीक्षा प्रभारी चंद्रशेखर बड़सीला,उमेश जोशी, दीप तिवारी, अरविंद नेगी, जगमोहन, हिमांशु उपाध्याय, देवेश तिवारी, धन सिंह गढ़िया,महेंद्र नेगी, प्रमोद पंत, सुरेश जोशी, जगदीश जोशी, गणेश प्रसाद, श्यामाचरण पाटनी, अशोक थायत, शंकर बागड़ी, भुवन मिश्रा,गणेश कांडपाल, भावना रावत,इंद्रा पांडे आदि ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी है।

# चिकन शॉप से 42 जिंदा कछुए बरामद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। तराई केंद्रीय वन प्रभाग के टांडा रेंज की टीम ने मुखबिर की सूचना पर काली नगर स्थित चिकन शॉप से 42 जिंदा कछुओ के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। जबकि दुकान संचालक मौके से फरार हो गया। टांडा रेंज के रेंजर आरएन गौतम ने बताया की देर शाम सूचना मिली थी की काली नगर स्थित चिकन शॉप में कछुए की खेप ब्रिकी के लिए लाई गई है।सूचना पर जब टीम द्वारा छापेमारी की गई तो दुकान के अंदर दो कट्टो में 42 अनुसूची एक श्रेणी के कछुवे बरामद हुए। इस दौरान टीम ने मौके से चिकन शॉप में काम करने वाले कर्मचारी को हिरासत में लिया। जबकि दुकान मालिक मौके से फरार हो गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मनोज हालदार निवासी महतोष मोड़ गदरपुर बताया। आरोपी ने बताया कि कछुए की खेप उसका मालिक जयदेव निवासी काली नगर ले कर आता है। जिसके बाद



वह उन्हें बेचता है। आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर गिरफ्तार आरोपी को कोर्ट में पेश किया जा रहा है। एसडीओ शशि देव ने बताया की 42 कछुओ की तस्करी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जबकि एक मौके से फरार होने में कामियाब रहा। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम दबिश दे रही है।

# बीएलओ का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

गदरपुर(उद संवाददाता)। लोकसभा निर्वाचन नामावली 2024 के संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए विकास खंड सभागार में बीएलओ के एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बीएलओ को विस्तृत जानकारियां उपलब्ध्ध करवाते हुए लोकसभा निर्वाचन नामावली 2024 के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि निर्वाचक नामावली में कोई कमी न रहे, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विजय तिवारी ने बीएलओ को बताया कि 21 जुलाई से घर-घर जाकर मतदाताओं का पूर्व प्रशिक्षण कार्यशाला में बीएलओ ने अपनी समस्याओं को भी रखा। उनका कहना था कि विषम परिस्थितियों में उनको न्यूनतम मानदेय में कार्य करना पड़ रहा है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान बाल विकास योजना से प्रदत्त मोबाइल के अलावा निजी मोबाइल आदि के रखरखाव और रिचार्ज में भी आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। विजय तिवारी ने आश्वस्त किया कि बीएलओ ड्यूटी में लगी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को मानदेय में वृद्धि और मोबाइल रिचार्ज की राशि उपलब्ध कराने के संबंध में



आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बुधवार को सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विजय तिवारी की अध्यक्षता में विकास खंड सभागार में बीएलओ के एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में तहसीलदार नितेश डागर ने सभी बीएलओ से सर्वे करना है। उन्होंने कहा निर्वाचक नामावली से मृत मतदाताओं के नाम हटाकर नव मतदाताओं के नाम दर्ज किए जाएं ।उन्होंने कहा कि संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में लापरवाही बरतने वाले बीएलओ के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इससे जिलाधिकारी को अवगत कराकर उचित समाधान निकाला जाएगा। इस दौरान नायब तहसीलदार देवेंद्र सिंह बिष्ट,रजिस्ट्रार कानूनगो लवकेश शर्मा, गरीब सिंह राणा,सतपाल बाबू, विजय गुप्ता, मुकेश कुमार सोनी शर्मा सुनीता रानी भारती साहू परमजीत कौर आदि थे ।

# पर्यावरण मित्रों ने मंत्री प्रेम चंद को सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ रूद्रपुर शाखा द्वारा गत दिवस प्रदेश के शहरी विकास व वित्त मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल के आगमन पर उन्हें नौ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। शाखा अध्यक्ष मुकेश राजौरिया के नेतृत्व में शिष्ट मंडल ने श्री अग्रवाल का स्वागत करते हुए बताया कि उत्तराखण्ड शासन द्वारा वन टाइम सेटलमेंट में सेवाकाल के दौरान मृत्यु हो चुके पर्यावरण मित्रों के आश्रितों को नगर निगम रूद्रपुर के साथ शासन द्वारा भेदभाव पूर्ण व्यहार किया जा रहा है। सेवाकाल के दौरान मृत्यु हो चुके पर्यावरण मित्रों के आश्रितों को मृतक आश्रित के रूप में नियुक्ति प्रदान की जाए, नियमावली विनियमितीकरण 2013 के तहत 78 पर्यावरण मित्रों के पदों में से 76 पदों को 2018 में विनियमितीकरण किया गया है उक्त 02 पदों को त्रुटि हो जाने के कारण मा० उच्च न्यायालय नैनीताल द्वारा विनियमितीकरण का आदेश पारित किया गया था, जिसमें अतिथि तक राकेश पुत्र ओमप्रकाश व रमेश पुत्र लाखन, दोनों पर्यावरण मित्रों को विनियमितीकरण नहीं किया गया है। जिनका विनियमितीकरण किया जाए, आउटसोर्स पर्यावरण मित्रों को उत्तराखण्ड सरकार के आदेशानुसार 500 रुपए प्रतिदिन भुगतान करने एवं रूका हुआ मानदेय 70 रुपए देने के



सम्बन्ध में नगर निगम रूद्रपुर में नजूल भूमि पर निवास कर रहे सफाई पर्यावरण मित्रों को उक्त नजूल भूमि पर भू खण्ड का लाभ दिया जाये। नगर निगम रूद्रपुर में पूर्व में हुए परिशिमन के पश्चात बड़े हुए क्षेत्र व वर्ष 2015 उत्तराखण्ड नगर निगम ढाचेनुसार एवं जिला मुख्यालय होने को दृष्टिगत रखते हुए कुल 700 पर्यावरण मित्रों के नये पदो एवं अन्य विभागीय पदों को सृजित कर पर्यावरण मित्रों की नियुक्ति की जाये। ठेका प्रथा खत्म कर वर्तमान में कार्य कर रहे आउटसोर्स, दैनिक वेतन, संविदा कार्मिकों को नियमित की जाये। शासन द्वारा पर्यावरण पर्यवेक्षकों की नियुक्ति पर रोक लगाते हुये नगर निगम में पूर्व से कार्यरत पर्यावरण पर्यवेक्षक के पद पर कार्य कर रहे कार्यवाहक पर्यावरण पर्यवेक्षकों को स्थाई पर्यावरण पर्यवेक्षकों के पद पर पदोन्नति की जाये। वर्ष 2005 से बन्द पुरानी पेंशन प्रणाली को बहाल किया जाये। इस दौरान सुरेश मुल्तानी, राजू पहलवान, राजीव खेरालिया, संदीप आजाद व राजपाल आदि मौजूद थे।

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# प्रदेश के विभिन्न निर्धारित स्थलों पर होगा खेलों का आयोजन : सीएम

## 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन को लेकर सीएम ने दिये निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सचिवालय में अगले वर्ष आयोजित होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों के सम्बन्ध में उच्चस्तरीय बैठक हुई। बैठक में आयोजन तिथियों, स्थलों के साथ ही खेलों के आयोजन से सम्बन्धित अवस्थापना सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं पर विचार विमर्श हुआ। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2024 में अक्टूबर-नवंबर में 38वें राष्ट्रीय खेलों तथा देहरादून, ऋषिकेश, हरिद्वार, हल्द्वानी, नैनीताल, रुद्रपुर एवं गुलरभोज में निधरित आयोजन स्थलों पर खेलों के आयोजन पर सहमति व्यक्त करते हुए इस आयोजन को भव्यता एवं गरिमा के साथ आयोजित किये जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इसके लिए उच्चाधिकार समिति(एच.पी.सी.) का भी गठन किया जाए जो आयोजन से सम्बन्धित व्यवस्थाओं एवं जरूरतों का ध्यान में रखते हुए त्वरित निर्णय लेने में सक्षम होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जी-20 के सफल आयोजन की भांति यह आयोजन भी सफलतापूर्वक सम्पन्न हो, इसका ध्यान रखा जाए। इससे राज्य की देश में बेहतर पहचान बनेगी तथा राज्य के पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने इस आयोजन में राज्य के परम्परागत खेलों को भी शामिल करने की बात कही। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि गत वर्ष गुजरात एवं इस वर्ष गोवा में आयोजित हो रहे राष्ट्रीय खेलों के आयोजन व्यवस्थाओं का भी अध्ययन किया जाए। पर्यटन के साथ राज्य की संस्कृति के प्रचार प्रसार का यह आयोजन माध्यम बने इस पर भी ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों में हमारे खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करें, इसके लिए राज्य स्तरीय खेलों का भी आयोजन राष्ट्रीय खेलों से पहले किया जाए। राज्य के जो खिलाड़ी दूसरे राज्यों की ओर से खेल रहे हैं, उन्हें भी राज्य की ओर से खेलने के लिए प्रेरित किया जाए। बैठक में खेल मंत्री श्रीमती रेखा आर्य, मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, विशेष प्रमुख सचिव श्री अभिनव कुमार, सचिव मुख्यमंत्री श्री विनय शंकर पाण्डेय श्री एस. एन. पाण्डेय सहित खेल विभाग तथा भारतीय एवं उत्तराखण्ड ओलंपिक संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।



# प्रदेश में बैंणी सेना के कार्य सराहनीय : प्रेमचन्द

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शहरी विकास एवं आवास वित्त, विधायी एवं संसदीय कार्य, मंत्री प्रेम चन्द्र अग्रवाल ने नगर निगम सभागार में सम्बोधित करते हुये कहा कि बैंणी सेना लगन व कर्मठता से कार्य कर रही है। आज देश के साथ ही पूरे प्रदेश में बैंणी सेना के कार्यों की सराहना हो रही है। उन्होंने कहा बैंणी सेना के प्रत्यक्ष को आज देखने का मौका मिला। उन्होंने उत्तराखण्ड में नवाचार के कार्य प्रारम्भ करने पर सभी को बधाई दी। इससे महिला सशक्तिकरण का एक अच्छा उदाहरण है।उन्होंने कहा विकास के कार्यों में न पक्ष है ना ही विपक्ष। जनप्रतिनिधि वही है जो विकास के लिए कोई मौका ना चूके। मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा हल्द्वानी शहर में 30 हजार स्ट्रीट लाईटों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है जल्द ही शेष 5 हजार स्ट्रीट लाईटों का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। उन्होंने बैंणी सेना द्वारा 35 लाख प्रतिमाह यूजर चार्जेज पर बधाई दी। उन्होंने दमुवांढूगा में नवनिर्मित ओपन पार्क का निरीक्षण किया। इस दौरान श्री अग्रवाल ने बच्चों, युवा एवं बुर्जुगों से मुलाकाल कर वार्ता की।इस अवसर पर मेयर डा. जोगेन्द्र पाल सिंह रौतेला ने कहा कि हल्द्वानी शहर को 2200 करोड की प्रधानमंत्री द्वारा घोषणा की गई थी। उन कार्यो पर टेन्डर प्रारम्भ हो गई है। प्रथम चरण में सीवर, पेयजल, इंट्रीग्रेटेड लेन आदि के लिए सात सौ करोड टैंडर हो गये है। साथ ही सिटी कमाण्ड सेन्टर तहसील परिसर में आधुनिक भवन निर्माण हेतु 245 करोड की योजनाओं पर जल्द ही कार्य प्रारम्भ होगा। इससे तहसील परिसर के सभी कार्यालय एक छत के नीचे होंगे। सिटी कमाण्ड सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा और इंटरसिंटी बस टर्मिनल भी इसी स्थान से संचालित होगा। उन्होंने कहा हल्द्वानी शहर में 25 करोड की लागत से सीवरेज प्लांट एवं ओपन पार्को का निर्माण पूर्व हो चुका है। उन्होंने बैंणी सेना के द्वारा किये गये कार्यों को मूर्त रूप दिया जा रहा है। आज पूरा शहर बैंणी सेना को सहयोग कर रहा है।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, साकेत अग्रवाल, पार्षद राजेन्द्र सिह नेगी, अमित बिष्ट, दिनेश सिंह, डूगर सिंह, धरेन्द्र पाठक, प्रताप रैक्वाल, किशोर जोशी, रंजन बर्गली, प्रेम चन्द्र अग्रवाल, दीपा, राजेन्द्र अग्रवाल के साथ ही डायरेक्टर शहरी विकास विनोद, नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह के साथ ही बैंणी सेना, स्वयं सहायता समूहों, स्वच्छक, पर्यावरण मित्र के साथ ही जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



# हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेने के लिए शिव भक्त हुए रवाना

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शिव कावड़ संघ के तत्वाधान में शिव कांवरियों का दल महंत जितेंद्र नागर के नेतृत्व में मंगल पड़ाव प्राचीन शिव मंदिर से हरिद्वार के लिए रवाना हुआ। कावड़ संघ के श्रीमती रमा नागर, अध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता, संरक्षक रूपेंद्र नागर ने कांवरियों का तिलक लगाकर विदाई दी। कांवर दल में महंत जितेंद्र नागर, गगन चोपड़ा विनीत गुप्ता, अशोक कश्यप, चंदू डीजे, गणेश वार्ष्णेय, रवि गुप्ता, सौरभ, पंकज अग्रवाल, शंकर गुप्ता, पंकज शर्मा, ऋषभ



बॉर्बी, मोहन, आयुष गुप्ता, दीपक, रमेश गुप्ता आदि शामिल हैं। कांवरियों का दल 8 जुलाई को पवित्र गंगा जल भर के नजीबाबाद, नगीना, अफजलगढ़, जसपुर, काशीपुर, बाजपुर, बरहेनी, कालाढूंगी होते हुए 15 जुलाई को हल्द्वानी पहुंचकर नगर के सभी शिवालयों में जलाभिषेक करेगे। विदा करने वालों में राजू गुप्ता, सूरज, विनीत गुप्ता, सूरज प्रकाश, राजू, पूरन सागर, हेमंत भईयू, प्रमोद आर्य, अभिषेक कश्यप आदि दर्जनों लोगों ने हर महादेव, हर हर गंगे, जय कारे वीर बजरंगी, गंगा मैया की जय, भोलेनाथ की जय आदि जयकारों के साथ विदाई दी।

# लिटिल किंगडम स्कूल में चला स्वच्छता अभियान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लिटिल किंगडम प्रीपेट्री स्कूल में आज भारत पेट्रोलियम द्वारा स्वच्छता सप्ताह के अंर्तगत स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम करवाया गया । जिसमें भारत पेट्रोलियम के सेल्स आफिसर हितेश फूलमाली एवं सीआरई गोपाल सिंह ने बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और भारत में स्वच्छता को कायम रखने के लिए प्रतिज्ञा दिलवाई । इस अवसर पर बच्चों के लिए निबंध प्रतियोगिता व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन



किया गया । जिसमें पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कक्षा तृतीय से समायरा खान प्रथम, अर्पिता पाठक ने द्वितीय, काव्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में कक्षा चार से भूमिका गरवाल ने प्रथम, यशिता वर्मा ने द्वितीय, आरव नौडियाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा पाँच से रिनेश सरकार ने प्रथम, दिपांक केष्टवाल ने द्वितीय व इशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विजेताओं को भारत पेट्रोलियम की ओर से विद्यालय में प्रधानाचार्या श्रीमती परविंदर पुरी, उप प्रधानाचार्या सिमरन पुरी को आर्डिनेटर लक्ष्य शर्मा ने पुरस्कृत किया।

# सुमित ने किया आंचल मिल्क बूथ का शुभारंभ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं कैबिनेट मंत्री (दुग्ध विकास) सौरभ बहुगुणा के दिशा निर्देशन पर अध्यक्ष मुकेश बोरा के अथक प्रयासों से आंचल मिल्क बूथ का भव्य शुभारंभ रोडवेज बस स्टेशन में मुख्य अतिथि हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश द्वारा किया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि महापौर हल्द्वानी डॉक्टर जोगिंदर पाल सिंह रौतेला, जिलाध्यक्ष भाजपा



प्रताप बिष्ट, महामंत्री रंजन बरगली, नवीन भट्ट, जिलाध्यक्ष कांग्रेस राहुल छिमवाल, पूर्व पालिका अध्यक्ष हेमंत बगड़वाल, पार्षद तन्मय रावत, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष कार्तिक हरबोला, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष जगमोहन बगड़वाल, महेश शर्मा, सामान्य प्रबंधक निर्भय नारायण सिंह, प्रभारी प्रशासन डॉ कुमार अजीत, डा. एचएस कुटौला, प्रभारी वित्त उमेश पठालनी, प्रभारी विपणन संजय भाकुनी, प्रभारी पीआई मोहन जोशी, दीपू असगोला, राजू बोरा सहित आंचल परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

श्री बांके बिहारी की कृपा से
श्री ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा एवं श्री खाटू श्याम यात्रा
दिनांक-30 जुलाई से 10 अगस्त 2023 तक
● AC वाल्वो बस ● विभिन्न मन्दिरो के दर्शन
● भोजन की सुविधा ● ठहरने की उचित व्यवस्था
प्रति व्यक्ति किराया मात्र 15,000/- रूपये
यात्रा के लिये श्री मन्दिर मनकामेश्वर मन्दिर, श्याम टाकीज रोड,रूद्रपुर से 30 जुलाई को वाल्वो एसी बस जा रही है। इस परिक्रमा यात्रा में जो भी श्रद्धालु जाने का इच्छुक हो, वह निम्न मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क कर अपनी सीट सुरक्षित करा सकता है।
सम्पर्क करे-7248133444,8476003072

# अवैध शराब फैक्ट्री मामले में चार गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। वांछित अभियुक्तो के विरूद्ध थाना गदरपुर पुलिस द्वारा बडी कार्यवाही करते हुए अवैध शराब फैक्ट्री से संबन्धित 4 वांछितो को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार गत 27 जून की रात्रि मे एसओजी व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा थाना गदरपुर के गूलरभोज क्षेत्र मे 4 अभियुक्तो को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। उक्त अभियोग मे विवेचनात्मक कार्यवाही मे प्रकाश मे आये अभियुक्तो की तत्काल गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार व पुलिस अधीक्षक काशीपुर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बाजपुर के पर्यवेक्षण में विभिन्न टीमे गठित की गयी थी। थानाध्यक्ष गदरपुर के नेतृत्व मे टीम ने मामले में अविनाश पुत्र भूप सिंहं निवासी बाजपुर, नरेश पुत्र चोखेलाल निवासी मंसुरपुर थाना स्वार जिला रामपुर उत्तर प्रदेश को उनके घरो से गिरफ्तार किया गया व अभियोग मे संदिग्ध करमजीत सिंह पुत्र बलविन्दर सिंह निवासी बेरियादौलत थाना-केलाखेडा थे । संदिग्ध करमजीत को विश्वास में लेकर पूछताछ करने पर उसके द्वारा बताया गया कि रोशनपुर में लगायी गयी अवैध शराब की फैक्ट्री में सरवन सिंह उर्फ सोनू उर्फ सुखदेव पुत्र बलवीर सिंह निवासी माला फार्म बेरियादौलत केलाखेडा तथा उसके जीजा सुखविन्दर सिंह पुत्र अवतार सिंह निवासी कुआखेड़ा विजनौर उ0प्र0 हाल निवासी माला फार्म बेरिया दौलत केलाखेड़ा तथा




सतनाम सिंह की पार्टनरशिप है। नरेश ,अविनाश, राहुल, संदीप सिंह, राजेन्द्र सिंह, मंजीत सिंह,राजवीर कौर, नीलम आदि मिलकर रोशनपुर में देशी शराब की फैक्ट्री में शराब बनाते थे। वह देशी शराब के पव्वों को रखने के लिए प्रयोग की जा रही गत्ते की पेटिंया बाजपुर स्थित गत्ता फैक्ट्री से लाता था। फैक्ट्री में तैयार की हुयी देशी शराब को सुखदेव सिह के साथ टैम्पो-ट्रैवलर व काले रंग की कार मे ले जाकर हल्द्वानी छोडने जाता था। फैक्ट्री में तैयार की हुयी देशी शराब बेलबाबा, हल्द्वानी के पास गोदाम में सुखदेव सिंह और उसके द्वारा टैम्पू ट्रेवलर से ले जायी जाती थी । देशी शराब तैयार करने में प्रयोग किये जाने वाले कैमिकल को अमनदीप सिंह,खालसा टायर आईजीएल गेट न0 6 थाना आईटीआई काशीपुर द्वारा सरवन सिंह तथा सुखविन्दर सिह को उपलब्ध कराया जाता था। तैयार देशी शराब के लिए काँच के पव्वे हल्द्वानी बरेली रोड शमा डिलक्स होटल के पीछे मस्जिद के पास के गोलू कबाडी द्वारा स्वंय अपनी गाडी से सुखविन्दर सिंह व सरवन उर्फ सोनू उर्फ सुखदेव को सप्लाई किये जाते थे । करमजीत सिंह के बयानो व उसके मोबाईल नम्बर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से संबन्धित अभियुक्तगणो से कई बार बातचीत हुई। अविनाश पुत्र भूप सिंहं निवासी गांव बाजपुर उधम सिंह नगर ,नरेश पुत्र चोखेलाल निवासी मंसुरपुर थाना स्वार जिला रामपुर उत्तर प्रदेश,करमजीत सिंह पुत्र बलविन्दर सिंह उर्फ निवासी बेरियादौलत थाना-केलाखेडा जनपद उधम सिंह नगर, ईरशाद हुसैन उर्फ गोलू कबाडी पुत्र नवी हुसैन निवासी लाईन न0 8 वनभुलपुरा हल्द्वानी नैनीताल को गिरफ्तार करके विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया ।पुलिस टीम में थानाध्यक्ष राजेश पाण्डेय,उनि भुवन जोशी, उनि ओमप्रकाश,पूरण सिंह,राकेश कठायत, भुपेन्द्र सिह रंसवाल, हे का खीम सिह, हेकानि विनय कुमार ,गोरखनाथ,दर्शन सिंह,नवीन कन्याल शामिल थे ।

# बैल से टकराकर बाईक सवार युवक की मौत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बैल से टकराने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार स्यूड़ा हैड़ाखान निवासी 27 वर्षीय चंदन बाइक से हल्द्वानी अपने निजी काम के घलिए आया था। करीब साढ़े 5 बजे वह बरेली रोड उत्तर उजाला प्रेस के सामने एक बैल से टकरा गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास गुजर रहे राहगीरों ने उसे उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुंचकर शव अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।



# कागजों में नहीं धरातल पर हो काम

## कैबिनेट मंत्री प्रेम चन्द अग्रवाल ने नगर निगम सभागार में नौ नगर निकायों द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक में दिये निर्देश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सरकार द्वारा गरीबों के उत्थान एवं कल्याण हेतु चलाई जा रही योजनाओं का लाभ पत्रों तक पहुँचना सुनिश्चित करें। यह निर्देश शहरी विकास एवं आवास, वित्त, विधायी एवं संसदीय कार्य, जनगणना तथा पुनर्गठन मंत्री प्रेम चन्द अग्रवाल ने नगर निगम सभागार में 9 नगर निकायों द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए दिये। उन्होंने खटीमा, सितारगंज, किच्छा, नानकमत्ता, दिनेशपुर, नगला, शक्तिगढ़, लालपुर, रुद्रपुर में चल रहे कार्यों की गहनता से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि हमारे पास अद्यतन रिपोर्ट्स उपलब्ध हैं, मीटिंग का मुख्य उद्देश्य है कि निकायों द्वारा की जा रही रिपोर्टिंग की धरातल पर जानकारी ली जाए। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा कि कागजों में काम न हो, बल्कि धरातल पर काम हो। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कागजों पर काम नहीं चलेगा। कार्य धरातल पर करने होंगे और सभी पात्रों को योजनाओं का लाभ मिले, कोई भी पात्र व्यक्ति योजना का लाभ लेने से वंचित न रहे।उन्होंने निर्देश करते हुए कहा कि गृह कर की काउंटिंग हेतु एक्ट में संशोधन किया गया है। सभी निकाय 31 जुलाई तक अवश्य एडॉप्ट कर लें। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि सफाई व्यवस्था, फॉगिंग, कीटनाशक दवाईयों के छिड़काव आदि कार्य कराते समय सम्बन्धित क्षेत्रों के पार्षदों को जानकारी दी जाये और उन्हें पूर्णतः विश्वास में लिया जाये कि ये सभी कार्य उनके वार्ड में हो रहे हैं। उन्होंने कार्यों की पारदर्शिता हेतु किये जा रहे कार्यों की फोटो व्हाट्सअप ग्रुप के माध्यम से भी पार्षदों तक उपलब्ध कराने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिये। उन्होंने पीएम स्वनिधि की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि योजनान्तर्गत निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त किया जाए। जो भी आवेदन रिजेक्ट होते हैं, उनमें प्रत्येक आवेदन निरस्तीकरण का कारण स्पष्ट होना चाहिए। यदि बैंक दिक्कत करते है तो लिखित में दीजिए। खटीमा के अधिशासी अधिकारी द्वारा पीएम स्वनिधि योजना में प्रस्तुत डाटा मैच न हो पाने पर सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि आगामी बैठकों में पूरी जानकारियों व तैयारियों के साथ आएं। उन्होंने अधिशासी अधिकारी सितारगंज को पीएम आवास योजना के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा सीधे नगर निकायों को 15 वित्त से धनराशि प्राप्त होगी। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जल भराव की स्थिति न हो, पानी की उचित निकासी हो ताकि डेंगू का लार्वा न फैले और जल जनित रोग भी न हो सके। उन्होंने पीएम स्वनिधि, पीएम आवास योजना, वेंडिंग जोन, कूड़ा निस्तारण, सफाई व्यवस्था, फोगिंग, दवाई छिड़काव, सम्पत्ति कर सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की। बैठक में मेयर रामपाल सिंह, मुख्य विकास अधिकारी एवम नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, वरिष्ठ वित्त अधिकारी जुबक मोहन सक्सैना, पार्षद बब्लू सागर, विनय, सीमा गुप्ता, शालिनी बोरा, निमित्त शर्मा, आयुष तनेजा, राजेश जग्गा, सुशील, राकेश सिंह, सुनील बाल्मिकी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।












# पत्रकार प्रेस परिषद की गदरपुर इकाई का गठन

## राकेश अरोरा अध्यक्ष, देवेन्द्र चौधरी महासचिव बने

गदरपुर(उद संवाददाता)। पत्रकार प्रेस परिषद की बैठक में गदरपुर तहसील इकाई का गठन किया गया। सर्वसम्मति से तहसील इकाई के लिए राकेश अरोरा अध्यक्ष चुने गये। संगठन के कुमांऊ प्रभारी अशोक गुलाटी एवं जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र तनेजा एवं जगदीश चन्द्र की मौजूदगी में आयोजित बैठक में पत्रकार सर्वसम्मति के तहसील इकाई के लिए राकेश अरोरा अध्यक्ष,उमर अली उपाध्यक्ष, देवेंद्र चौधरी महासचिव, शिवम छाबड़ा एवं शाहनूर अली सचिव, नितिन छाबड़ा कोषाध्यक्ष, रिजवान अली संगठन मंत्री , ठाकुर रामपाल सिंह,सागर, देवेंद्र सिंह, अमित तनेजा प्रचार मंत्री राजकुमार शर्मा उर्फ रिंकू शर्मा मीडिया प्रभारी, संजीव झाम सह मीडिया प्रभारी, एवं अमित कुमार व मुकेश पाल कार्यकारिणी सदस्य चुने गये। मुकेश पाल का नाम जिला कार्यकारिणी के लिए प्रस्तावित किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों का सभी ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र तनेजा ने कहा कि आज पत्रकारों को अपने हितों के लिए एकजुट होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पत्रकार अलग अलग गुटों में बंटे हुए हैं इसीलिए आज पत्रकारिता कमजोर होती जा रही है। उन्होंने कहा कि संगठन जिले में पत्रकारों को एकजुट करने का प्रयास करेगा। जल्द ही जिला कार्यकारिणी के गठन के साथ ही सभी तहसील इकाईयों का भी गठन किया जायेगा। कुमांऊ प्रभारी अशोक गुलाटी ने कहा कि पत्रकार प्रेस परिषद दशकों से पत्रकार हितों के लिए काम कर रहा हैं। यह पत्रकारों का एकमात्र ऐसा संगठन है जो सदस्यों को सवा दो लाख का बीमा की सुविधा भी दे रहा है। उन्होंने कहा कि तहसील स्तर पर पत्रकारों को मान्यता के लिए संगठन शासन स्तर पर आवाज उठायेगा। इसके अलावा जिला स्तर पर पत्रकार स्थाई समिति की बैठक न होने का मुद्दा भी शासन स्तर पर उठाया जायेगा। उन्होंने कहा कि पत्रकारों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। संगठन के सदस्य को आधी रात को भी उनकी जरूरत पड़ी तो वह हमेशा तत्पर रहेंगे।





## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### असामाजिक तत्वों की मानसिकता

नागरिकों के मानवाधिकारों और उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करने के खिलाफ कड़े कानून विद्यमान हैं। मध्यप्रदेश में एक व्यक्ति के आदिवासी युवक के ऊपर लघुशंका करने के कुकृत्य की वीडियो वायरल होने के बाद स्वाभाविक ही समाज में जड़ें जमाकर बैठी मध्ययुगीन सोच को लेकर चिंता जताई जा रही है। हालांकि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, उसके घर पर बुलडोजर चला कर अवैध निर्माण ढहा दिया गया है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उस आदिवासी युवक के पांव पखारे और उससे माफी भी मांगी। मगर यह सवाल अपनी जगह है कि क्यों समाज में इस तरह की मानसिकता जड़ें जमाए बैठी है कि असमाजिक तत्व मौका मिलते ही किसी की अस्मिता को कुचलने, उसका मान मर्दन करने में तनिक संकोच नहीं करते। बताया जा रहा है कि आदिवासी युवक पर लघुशंका करने वाला मध्यप्रदेश के एक विधायक का प्रतिनिधि है। जिस विधायक का प्रतिनिधि बताया जा रहा है, उस विधायक पर खुद भी दबंगई और आदिवासियों की जमीन हड़पने, अपनी आलोचना करने वाले पत्रकारों-संस्कृति कर्मियों-बुद्धिजीवियों के दमन आदि के अनेक आरोप लगते रहे हैं। जाहिर है, उनके प्रतिनिधि को इस तरह का कुकृत्य करने का साहस वहां से भी मिला होगा। सत्ता की ताकत मिलने के बाद इस तरह कानूनों की धज्जियां उड़ाने का यह अकेला उदाहरण भी नहीं है। हालांकि दलितों, आदिवासियों के मानवाधिकारों, उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करने के खिलाफ कड़े कानून हैं, मगर अक्सर सवर्ण कही जाने वाली जातियों के रसूखदार लोगों को उन कानूनों की धज्जियां उड़ाते देखा जाता है। यह केवल राजनीतिक ताकत हासिल कर चुके लोगों में नहीं, सामान्य लोगों में भी तथाकथित उच्चता के दंभ की वजह से प्रकट होता रहता है। इसकी एक वजह यह भी है कि कानून का पालन कराने वालों में बहुसंख्यक वही लोग हैं, जो समाज की उच्च कही जाने वाली जातियों से संबंध रखते हैं। इसीलिए अक्सर दलितों, आदिवासियों के खिलाफ जब अत्याचार की कोई घटना होती है तो अक्सर थानों में उसकी प्राथमिकी दर्ज करने में टालमटोल किया जाता है। अनेक बार बलात्कार की शिकार दलित महिलाओं को समझा-बुझा या डरा-धमका कर मामले को रफा-दफा करने का प्रयास किया जाता है। इस तरह एक भरोसा ऐसी जातियों के लोगों के मन में बना हुआ है कि अगर वे दलितों, आदिवासियों के साथ कुछ अमानवीय व्यवहार करते भी हैं, तो उन्हें कोई कठोर सजा नहीं मिलने वाली। मध्यप्रदेश में जिस व्यक्ति को आदिवासी युवक पर लघुशंका करते देखा गया, वह भी समाज की इसी संकीर्ण सोच से अनुप्राणित है। इसलिए बेशक उसे गिरफ्तार कर लिया गया है, उसके घर के कुछ हिस्सों को बुलडोजर से गिरा दिया गया है, मगर इससे उसकी सोच भी बदल गई है, इसकी गारंटी नहीं दी जा सकती। विचित्र है कि पढ़-लिख कर ओहदा हासिल कर लेने और राजनीतिक रसूख पा जाने के बाद भी जब लोगों की ऐसी मानसिकता नहीं बदलती, तो समाज में तथाकथित नीची कही जाने वाली जातियों के प्रति सदियों से जड़ें जमाई सोच को बदलना कितना आसान होगा। इस दिशा में राजनीतिक इच्छाशक्ति का सर्वथा अभाव दिखता है। राजनीतिक दल वोट के लिए बड़े-बड़े सिद्धांतों की बातें करते हैं, मगर अफसोस कि वे अपने कार्यकर्ताओं में उसे व्यावहारिक रूप में नहीं उतार पाते। जब तक व्यावहारिक धरातल पर दलितों, आदिवासियों सहित सभी नागरिकों के प्रति सम्मान पैदा नहीं होगा, उनके साथ ऐसी घटनाएं नहीं रुकने वाली।

# डीएम का स्वागत कर कांग्रेसजनों ने सौंपा ज्ञापन

## जल निकासी के लिए पुख्ता प्रबंध करने की दिशा में ठोस कार्यवाही करने की मांग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कोग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा के नेतृत्व में आज कोग्रेस जनों ने जनपद के नवनियुक्त जिलाधिकारी उदयराज सिंह का कलैक्ट्रेट कार्यालय में स्वागत कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि दो वर्ष पूर्व शहर में भारी बारिश के बाद बाढ़ से हजारों घर पानी में डूब गये थे। इस भयावह बाढ़ से करोड़ों की हानि हुयी थी। इसकी मुख्य वजह शहर में जल निकासी के कोई पुख्ता प्रबंध नहीं होना था। अभी तक जिला मुख्यालय पर बाढ़ से निपटने के लिए निकासी के कोई प्रबंध नहीं किये गये हैं। नालों की सफाई के नाम पर नगर निगम सिर्फ खानापूर्ति कर रहा है। अभी मानसून का पूरा सीजन बाकी है। दो तीन दिन की बरसात से ही कई बस्तियां अभी से जलमग्न होने लगी हैं। अतः जिला मुख्यालय पर जल निकासी के लिए पुख्ता प्रबंध करने की दिशा में ठोस कार्यवाही की जाये। श्री गाबा ने कहा पिछले दिनों जी-20 की बैठक के चलते रूद्रपुर में नैनीताल हाईवे पर दशकों पुरानी राम मनोहर लोहिया मार्केट और समोसा मार्केट पर प्रशासन ने बुल्डोजर चला दिया था। जिससे सैकड़ों व्यापारी प्रभावित हुए



थे। इन व्यापारियों के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। इनमें से अधिकांश व्यापारी अभी तक अपना कारोबार शुरू नहीं कर पाये हैं। अतः इन व्यापारियों के पुनर्वास की व्यवस्था के लिए प्रभावी कार्यवाही की जाये। शहर में जाम की समस्या को देखते हुए नैनीताल हाईवे सहित कई मार्गों से ठेली फड़ व्यवसायियों को उजाड़ दिया गया है। ये ठेली फड़ वाले रोजगार के लिए दर दर भटक रहे हैं। इन्हें आश्वस्त किया गया था कि वेंडिंग जोन में विस्थापित किया जायेगा लेकिन अभी तक वेंडिंग जोन अस्तित्व में नहीं आये हैं। अतः वेंडिंग जोन बनाकर इन गरीब ठेली फड़ वालों के लिए रोजगार की व्यवस्था की जाये। इस दौरान महानगर अशहर में जाम की समस्या को देखते हुए नैनीताल हाईवे सहित कई मार्गों से ठेली फड़ व्यवसायियों को उजाड़ दिया गया है। ये ठेली फड़ वाले रोजगार के लिए दर दर भटक रहे हैं। इन्हें आश्वस्त किया गया था कि वेंडिंग जोन में विस्थापित किया जायेगा लेकिन अभी तक वेंडिंग जोन अस्तित्व में नहीं आये हैं। अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि वेंडिंग जोन बनाकर इन गरीब ठेली फड़ वालों के लिए रोजगार की व्यवस्था की जाये। जिलाधिकारी ने भरोसा दिलाते हुए कहा कि जनहित में सभी समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जायेगा। इस दौरान महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा, ममता हालदार, पार्षद मोहन खेड़ा, बाबु खान, अबरार, महामंत्री सुनील आर्या, उपाध्यक्ष सतीश कुमार, बिट्टू शर्मा, गोपाल भसीन, भूपेंद्र, नवकुमार साना, रमेश आदि शामिल थे।

# सड़क पर शव रखकर हंगामा खड़ा करने वाले 11 पर केस

काशीपुर(उद संवाददाता)। प्रतापपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में दो दिन पूर्व रुपयों के लेन-देन को लेकर हुई युवक की सनसनीखेज हत्या के मामले में अब नया मोड़ आने लगा है। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर के आधार पर एक अज्ञात समेत दो लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा तो दर्ज कर लिया लेकिन सरकारी कार्य में बाधा डालने समेत मार्ग अवरुद्ध करने एवं हंगामा खड़ा करने के आरोप में पीड़ित पक्ष के 11 लोगों को नामजद किया है। आरोप है कि बीते 5 मार्च को प्रदीप नामक कारोबारी का शव प्रतापपुर पुलिस चौकी के ठीक बगल पानी से भरे गड्ढे में मिलने के बाद परिजनों एवं स्थानीय लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। इस दौरान लोगों ने मुख्य मार्ग पर शव रखकर काफी देर तक हंगामा किया। इसी आरोप मे पुलिस ने धनोरी पट्टी प्रतापपुर निवासी अन्नू उर्फ त्रिलोक भट्ट पुत्र नवीन भट्ट, प्रतापपुर निवासी राजेश पुत्र बहादुर सिंह, धनोरी पट्टी निवासी करन पुत्र अज्ञात, यही की गीता पत्नी विनोद, रीमा पत्नी स्वर्गीय नर बहादुर, विनोद पुत्र अज्ञात, विमला देवी पत्नी नवीन भट्ट, रोहित पुत्र नर बहादुर, सैनिक कॉलोनी निवासी सूरज थापा पुत्र खीम सिंह एवं ललितपुर पीरु मदारा निवासी पवन पुत्र गोविंद के खिलाफ पुलिस ने धारा 147 186 311 आईपीसी के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया है।

# ज्योतिराज ने नये प्रतिष्ठान का किया शुभारंभ

गदरपुर(उद संवाददाता)। जिओ कंपनी ने भारत का सबसे सस्ता 4जी फोन मात्र 999 रुपए कीमत का गदरपुर ब्रांच में ब्रांच मैनेजर मनीष तनेजा व अर्पण हालदार एवं मुख्य अतिथि महिला मंडल अध्यक्ष ज्योतिराज द्वारा लांच किया गया। महिला मंडल अध्यक्ष ज्योतिराज द्वारा शिव मंदिर में पूजा अर्चना करने के उपरांत प्रतिष्ठान



का शुभारंभ फीता काटकर किया गया। प्रतिष्ठान स्वामी द्वारा ज्योतिराज को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया ज्योतिराज ने बताया कि जिओ कंपनी का पहला फोन जरूरतमंद एक गरीब व्यक्ति को उपहार स्वरूप दिया गया। इस अवसर पर भाजपा महिला मंडल अध्यक्ष ज्योतिराज,मानसी शर्मा, रिंकी हितकारी ,गीता तनेजा ,ज्योति शर्मा ,रीना जायसवाल, मनीष तनेजा ,अरुण कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने पर एनएसए एक्ट तहत कार्रवाई की जाएगी

## एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने किया विकासनगर का दौरा

देहरादून(उद संवाददाता)। विकासनगर क्षेत्र में पिछले तीन-चार दिनों से बिगड़ रहे माहौल को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दलीप सिंह कुंवर ने विकासनगर का दौरा किया, वहीं देहरादून में हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों के साथ गोष्ठी की। गोष्ठी में हिन्दू वादी संगठनों के अलावा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कमलेश उपाध्याय व अपर जिला मजिस्ट्रेट रामजी शरण भी मौजूद रहे। इस दौरान सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की अपेक्षा की गई व कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग प्रदान करने के साथ-साथ सांप्रदायिक सौहार्द पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली किसी भी गतिविधि को न करने के संबंध में स्पष्ट रूप से बताया गया। एसएसपी ने स्पष्ट किया कि किसी भी व्यक्ति व समूह को नियम विरुद्ध कार्य करने की न तो अनुमति दी जाएगी और ना ही ऐसी किसी गतिविधि को बर्दाश्त किया



जाएगा। जो भी व्यक्ति या समुदाय कानून विरुद्ध कार्य करते हुए सांप्रदायिक सौहार्द व कानून व्यवस्था को बिगाड़ने का प्रयास करेगा, उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के साथ-साथ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत कार्रवाई की जाएगी।हिंदूवादी संगठनों से सहयोग प्रदान करने और किसी भी सूचना को पुलिस के सक्षम प्राधिकारी को तत्काल सूचित करने को कहा गया। आज शुक्रवार को एसएसपी मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक करेंगे। एसएसपी ने बताया कि गुरुवार को विकास नगर क्षेत्र में पुलिस की ओर से कस्बा विकासनगर, हरबर्टपुर, ढकरानी, भीमावाला, जीवनगढ़, नवाबगढ़ आदि क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया गया। सुरक्षा की दृष्टि से विकास नगर क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल को नियुक्त किया गया है।

# स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए मार्केटिंग की बेहतर व्यवस्थाएं की जाए : सीएम

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को सचिवालय में सशक्त उत्तराखण्ड / 25 के लक्ष्यों की प्राप्ति के संबंध में ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज विभाग की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन योजनाओं के तहत केन्द्रांश एवं राज्यांश क्रमशः 90:10 के अनुपात में हैं, उनकी यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट एवं अन्य आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण कर प्रस्ताव केन्द्र सरकार को जल्द भेजने की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं में शासन स्तर पर अनावश्यक विलंब न हो। केन्द्रांश एवं राज्यांश के 90:10 के अनुपात की यदि कोई योजना 2020 से पूर्व की लंबित हैं, तो इनका पूरा ब्योरा दिया जाए। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए उत्पादों की मार्केटिंग की बेहतर व्यवस्थाएं की जाए और ऑनलाइन मार्केटिंग की भी समुचित व्यवस्थाएं की जाएं। जिन उत्पादों की अधिक मांग है, उनकी पूर्ति के लिए भी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि बैठकों में जो निर्णय लिये जा रहे हैं, अगली बैठक में सबसे पहले उन निर्णय के क्रियान्वयन में की गई कार्यवाही की जानकारी दी जाए। गांवों में जो भी विकास के कार्य किये जा रहे हैं, उसमें स्थानीय लोगों को प्राथमिकता मिले।पंचायती राज विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी ग्राम पचायतों को ओडीएफ प्लस करने की कार्यवाही में और तेजी लाई जाए। गावों में सोलर लाईट को बढ़ावा दिया जाए और कम्प्यूटर विहीन ग्राम पंचायतों में कम्प्यूटरीकरण करने की दिशा में तेजी से कार्य किये जाए। बैठक में ग्राम्य विकास मंत्री श्री गणेश जोशी, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, सचिव श्री आर. मीनाक्षी सुदंरम, श्री नितेश झा, डॉ. आर. राजेश कुमार, अपर सचिव श्री आनंद स्वरूप, श्रीमती नितिका खण्डेलवाल एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# बाजपुर ब्लाक में स्वरोजगार कैम्प का आयोजन

बाजपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के क्रम में विकासखण्ड कार्यालय बाजपुर में मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना एवं मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना अति सूक्ष्म (नैनो) योजना के अन्तर्गत आवेदन पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदकों, सम्बन्धित विभागों तथा बैंकों के साथ संयुक्त रूप से स्वरोजगार कैम्प का आयोजन किया गया। महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र, ऊधमसिंहनगर द्वारा अवगत कराया गया कि स्वरोजगार कैम्प लगाये जाने का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक बेरोजगार युवक एवं युवतियों को स्वरोजगार उपलब्ध कराना है, साथ ही उन्होंने यह भी अवगत कराया कि कैम्प में विभाग को मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजनान्तर्गत 25 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 10 आवेदन पत्रों को मौके पर ऑनलाइन पोर्टल पर भरवाकर तत्काल संबंधित बैंक शाखाओं को प्रेषित कर दिया गया है शेष 15 आवदेन पत्रों पर औपचारिकता पूर्ण करा कर शीघ्र ही बैंक शाखाओं को प्रेषित कर दिया जायेगा। साथ ही महाप्रबन्धक द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि 10 जुलाई 2023 को विकासखण्ड कार्यालय गदरपुर में भी 11:30 बजे से स्वरोजगार कैम्प का आयोजन किया जाना है। खण्ड विकास अधिकारी, बाजपुर द्वारा भी उपस्थित आमजन का मार्गदर्शन करते हुए स्वरोजगारपरक योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। उपस्थित अन्य विभाग मुख्यतः उद्यान, मत्स्य, पर्यटन, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, डेरी/पशुपालन, अल्पसंख्यक आदि के उपस्थित अधिकारियों द्वारा भी अपने अपने विभाग के स्वरोजगारपरक योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में केएस नेगी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी एवं सी०एस०नेगी, सहायक विकास अधिकारी, जिला उद्योग केन्द्र द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

# एक्सपायरी सामग्री एवं औषधि की बिक्री के रोकथाम हेतु प्रत्येक जनपदों में कमेटी गठित

नैनीताल। उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी सैयद गुफरान ने बताया कि माननीय न्यायमूर्ति श्री मनोज कुमार तिवारी, वरिष्ठ न्यायमूर्ति, उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष, उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुपालन एवं प्रेरणा फलस्वरूप उत्तराखण्ड राज्य में एक्सपायरी सामग्री एवं औषधि की बिक्री के रोकथाम हेतु उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं समस्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के संयुक्त तत्वाधान में प्रत्येक जनपद में प्रभावी जागरूकता अभियान चलाया जायेगा, ताकि एक्सपायरी सामान एवं औषधि, आदि की बिक्री पर अंकुश लगाया जा सकें एवं आमजन मानस को जागरूक किया जा सकें। इसी क्रम में उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा प्रत्येक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देशित किया गया है कि वह अपने जनपद में एक्सपायरी सामग्री एवं औषधि की बिक्री के रोकथाम एवं जागरूकता अभियान हेतु एक कमेटी गठित करें। जिसमें निम्नलिखित सदस्यगण होंगे:- (1) सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (2) जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी (3) जिला औषधि निरीक्षक (4) जिला प्रशासन से नामित एक अधिकारी (5) जिला स्वास्थ्य विभाग से नामित एक अधिकारी। उपरोक्त गठित कमेटी को निर्देशित किया गया है कि वह एक्सपायरी सामग्री एवं औषधि की बिक्री के रोकथाम एवं जागरूकता अभियान के सम्बन्ध में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। इसके साथ-साथ प्रत्येक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देशित किया गया है कि वह प्रत्येक माह गठित कमेटी की नियमित आधार पर बैठक आहूत करें तथा इस अभियान का अपने जनपदों में प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चत करें एवं सभी सम्बन्धित हितधारकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। इसी के साथ प्रत्येक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को यह भी निर्देश दिये गये है कि वह उपरोक्त अभियान की विस्तृत रिपोर्ट प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को उपलब्ध कराएं।

# विधानसभा उपचुनाव और लोकसभा चुनाव के लिए नोडल अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

बागेश्वर( उद संवाददाता)।विधानसभा उप निर्वाचन एवं लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के सफल संचालन एवं संपादन के लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती हो गई है। तहसील सभागार में आयोजित बैठक में



जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने सभी नोडल अधिकारियों को सौपे गए।साथ ही दायित्वों का ससमय संपादन करने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराधा पाल ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्वाचन का नोडल अधिकारी बनाते हुए संपूर्ण निर्वाचन व्यवस्थाओं का नियमित पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण के साथ ही मतदान एवं मतगणना कार्मिकों की नियुक्ति तथा कार्मिकों का डाटाबेस, माइक्रोआब्जर्वर, जोनल व सैक्टर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति करेंगे। मुख्य शिक्षा अधिकारी मतदान, मतगणना कार्मिकों को प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी होंगे। प्राचार्य पॉलीटैक्निक गरूड नोडल अधिकारी ईवीएम, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी नोडल अधिकारी परिवहन एवं जीपीएस ट्रैकिंग, जिला कार्यक्रम अधिकारी निर्वाचन लेखन सामाग्री, प्रपत्र मुद्रण, लिफापा पैकिंग आदि व्यवस्थाओं के नोडल अधिकारी होंगे वहीं परियोजना निदेशक डीआरडीए आदर्श आचार संहिता, वरिष्ठ कोषाधिकारी निर्वाचन व्यय, उपजिलाधिकारी गरूड़ सामान्य मतपत्र/डाक मतपत्र व्यवस्था, सूचना अधिकारी एमसीएमसी, मुख्य विकास अधिकारी स्वीप, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी हैल्प लाइन एवं शिकायत प्रकोष्ठ तथा सूचना टैक्नोलॉजी, उद्यान अधिकारी कंट्रोल रूम व्यवस्था तथा निर्वाचन संबंधी दैनिक सूचनाओं का प्रेषण, अर्थ एवं संख्याधिकारी डाटा मैनेजमेंट एवं कम्युनिकेशन प्लांन तथा अधिशासी अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग टैंड, फर्नीचर व वैरीकेटिंग व्यवस्थाओं के नोडल अधिकारी होंगे। इसी तरह अधिशासी अभियंता पेयजल निगम नोडल अधिकारी प्रेक्षक, खान-पान व्यवस्था एवं ईधन के लिए जिला पूर्ति अधिकारी, विद्युत व्यस्था अधिशासी अभियंता विद्युत, संचार के लिए जेटीओ बीएसएनएल, पेयजल व्यवस्था अधिशासी अभियंता जल संस्थान, प्रर्वतन नोडल आबकारी अधिकारी, वैबकास्टिंग मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, दिव्यांग मतदाताओं की व्यवस्था के लिए समाज कल्याण अधिकारी नोडल अधिकारी होंगे।जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे निर्वाचन

# उपचुनाव की तैयारियों को लेकर डीएम व एसएसपी ने किया निरीक्षण

बागेश्वर(उद संवाददाता)। आगामी विधानसभा उप निर्वाचन के मद्देनजर ईवीएम स्टॉग रूम, मतगणना, कार्मिकों के प्रशिक्षण हेतु डिग्री कॉलेज परिसर भवनों का जिलाधिकारी अनुराधा पाल व पुलिस अधीक्षक हिमांशु वर्मा ने निरीक्षण किया। उपचुनाव के लिए प्राचार्य कार्यालय के दो मंजिले में स्टॉग रूम बनाया जायेगा,जबकि वनस्पति व जंतु विज्ञान के व्याख्यान कक्ष में मतगणना के लिए देखा गया।जिलाधिकारी ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत उचित बैरीकेटिंग



के साथ ही कॉलेज के सभाकक्ष में कार्मिकों के प्रशिक्षण के लिए उपयोग किया जायेगा। उन्होंने ग्रामीण निर्माण विभाग अभियंता को पुख्ता बैरीकेटिंग के लिए प्लान तैयार करने के निर्देश मौके पर दिए, साथ ही प्राचार्य कक्ष में कंट्रोल रूम भी स्थापित किया जायेगा। जिलाधिकारी ने जोनल एवं सैक्टर मजिस्ट्रेटों व नोडल अधिकारियों के प्रशिक्षण के लिए विकास भवन के पास बने ऑडिटोरियम का भी निरीक्षण किया, व प्रशिक्षण हेतु उचित व्यवस्थायें करने के निर्देश आरडब्लूडी अभियंता को दिए।निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी सीएस इमलाल, उपजिलाधिकारी हरगिरि, ग्रामीण निर्माण विभाग अभियंता रमेश चन्द्रा, सहायक निर्वाचन अधिकारी आरसी आर्या आदि मौजूद थे।

# पति को महिला के चंगुल से बचाने की लगाई गुहार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक महिला ने पुलिस में दर्ज कराई रपट में अपने पति को महिला के चंगुल से बचाने की गुहार लगाते हुए कार्रवाई करने की मांग की है। पीड़िता का कहना है कि एक महिला ने उसके पति को बहला फुसलाकर अपने झूठे प्रेम झाल में फंसा लिया है तथा उसके साथ रहती है और बार बार उसको मिलती है। जिसके कारण उसका पति उसके साथ नहीं रहता है। उसका कहना है वह किराये के मकान में रहती तथा अपने दो छोटे छोटे बच्चों का पालन पोषण स्वयं करती है क्योंकि उसका पति उसे कोई खर्च नहीं देता है। वह जो कुछ भी कमाता है वो सब उसी महिला को देता है। उक्त महिला का कहना है कि उसने उसके पति से कोर्ट मैरिज कर ली हैं । जबकि उसने अपने पति को तलाक नहीं दिया है। पीड़िता का कहना है जब इसकी शिकायत महिला के पिता से की तो उन्होंने धमकी दी कि वो सरकारी नौकर है उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है और उसे जेल करा देगा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# अवैध तमंचे के साथ घूमता दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि आवास विकास चौकी पुलिस कर्मियों ने गश्त के दौरान धोबी घाट के पास एक बदमाश को अवैध तमंचे के साथ घूमते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार आवास विकास चौकी प्रभारी उप निरीक्षक नीमा बोहरा साथी पुलिस कर्मियों कांस्टेबल पंकज संजवाण व चन्दन सिंह के साथ क्षेत्र में गश्त कर रही थीं। जब वह धोबी घाट के पास पंहुचे तो टीन शेड के नीचे एक व्यक्ति संदिग्ध रूप से खड़ा दिखाई दिया। पुलिस जनो को देखकर वह गली की तरफ जाने लगा तो संदेह होने पर पुलिस कर्मियों ने पीछा कर उसे पकड लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता अखिल मलिक पुत्र स्व. अनिल मलिक निवासी वार्ड 37 रविन्द्रनगर ट्रांजिट कैम्प बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 315 बोर का है। 315 बोर का एक तमंचा बरामद हुआ। उसका कहना था वह नशे का आदी है। नशा करने श्याम टाकीज पुलिया के नीचे गया था जहां कुछ लोगो से उसकी कहासुनी व मारपीट हो गयी। अपनी सुरक्षा व उन्हें डराने धमकाने के लिये तमंचा अपने पास रखा था। पुलिस ने बरामद तमंचा कब्जे में लेकर अखिल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# दीपा जोशी और मंजू कैड़ा को किया सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला मुख्यालय की स्वास्थ्य कर्मी दीपा जोशी एवं मंजू कैड़ा को बीते दिनों डाक्टर्स डे पर देहरादून में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में महामहिम राज्यपाल द्वारा सम्मानित किये जाने पर मेयर रामपाल सिंह ने पार्षदों के साथ दोनों स्वास्थ्य कर्मियों के घर पहुंचकर उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित





किया। इस अवसर पर मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि दीपा जोशी और मंजू केड़ा ने अपनी उत्कृष्ट सेवाओं से न सिर्फ अपना नाम रोशन किया है बल्कि रूद्रपुर शहर का भी गौरव बढ़ाया है। इन्होंने मानवता की सच्ची सेवा करके समाज के सामने एक मिसाल पेश की है। इस अवसर पर पार्षद सुशील चौहान, आयुष तनेजा,विनय विश्वास सुशील चौहान अंबर सिंह रंजीत सागर भवन गुप्ता डॉक्टर राकेश सिंह शामिल थें।

# चोरी के आरोप में एक नामजद

काशीपुर(उद संवाददाता)। होटल से सीढ़ी स्टैंड वह लोहे की रिंग चोरी करने के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक युवक को नामजद करते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर पद्मावती कॉलोनी निवासी दिलप्रीत सिंह सेठी पुत्र अमरीक सिंह ने बताया कि बीते 6 जुलाई को हल्का नंबर एक केला मोड़ के समीप स्थित उसके होटल से बांसियो वाला मंदिर के समीप जसपुर खुर्द निवासी मोहसिन पुत्र साहब सिंह ने सीढ़ी स्टैंड व लोहे की 10 रिंग समेट ली और मौके से भाग गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ नामजद अभियोग पंजीकृत करते हुए उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

# लाखों की ऑनलाईन ठगी करने वाले आरोपी ने किया सरेंडर

देहरादून(उद संवाददाता)। दिव्यांग व्यक्ति के साथ क्रिप्टो करैन्सी में ऑनलाईन ट्रेडिंग तथा फ्लिपकार्ट का गिफ्ट गिविंग मैनेजर बताकर यूट्यूब चैनल को लाईक व सब्स्क्राईब करने व लाभ कमाने का लालच देकर 13,11,900/- रुपये धोखाधड़ी करने के मामले में उत्तराखण्ड एसटीएफ ने पूर्व में राजस्थान के जयपुर से गिरोह के 02 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया था, एक अभियुक्त द्वारा सरेंडर कर दिया था तथा एस0टी0एफ0 लगातार लगातार अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रयास कर रही थी। पुलिस टीम द्वारा जिन खातों मे धनराशि को आहरित किया गया था उन खातो की जानकारी व साक्ष्य एकत्र किये गये। पुलिस की तेजी से कार्यवाही के चलते गिरोह के चौथे सदस्य मौ0 इकबाल ने गुरूवार को खुद ही साइबर पुलिस स्टेशन देहरादून में सरेंडर कर दिया।

## पेज एक का शेष...

**राहुल गांधी की सजा...**गांधी द्वारा 2019 में मोदी उपनाम को लेकर की गई टिप्पणी के मामले में मार्च में सूरत की अदालत ने उन्हें धारा 504 के तहत दो साल की सजा सुनाई थी। इसके बाद राहुल की लोकसभा सदस्यता भी चली गई थी। 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान कर्नाटक के कोलार की एक रैली में राहुल गांधी ने कहा था, कैसे सभी चोरों का उपनाम मोदी है? इसी को लेकर भाजपा विधायक और गुजरात के पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज कराया था। उनका आरोप था कि राहुल ने अपनी इस टिप्पणी से समूचे मोदी समुदाय की मानहानि की है। राहुल के खिलाफ आईपीसी की धारा 499 और 500 (मानहानि) के तहत मामला दर्ज किया गया था।

**भारी बारिश का अलर्ट...** हालातों और तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से नदियों और डैम के वर्तमान जल स्तर आदि की जानकारी ली और संबंधित विभागों के अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश। जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने भारी बारिश की चेतावनी के मद्देनजर कल 8 जुलाई को 1 से लेकर 12 कक्षा तक के सभी स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में अवकाश घोषित कर दिया है। इसके साथ ही संभावित आपदा को देखते हुए सभी कार्यालयाध्यक्षों को आदेश दिये हैं कि अधीनस्थ समस्त अधिकारियो/ कर्मचारियों को कड़े निर्देश जारी करें, कि वे अपने अपने तैनाती क्षेत्र में अग्रिम आदेशों तक बने रहें। ताकि आवश्यकता पड़ने पर सम्बन्धितो से सम्पर्क स्थापित करके खोज-बचाव एवं राहत कार्यों में सहायता ली जा सकें। साथ ही डीएम ने कार्यालयाध्यक्षों को यह भी निर्देश दिये हैं कि मानूसन अवधि की समाप्ति तक अपरिहार्य परिस्थितियों के आलावा कोई भी कार्यालयाध्यक्ष अपने अधीनस्थ कर्मचारी के अवकाश स्वीकृत नही करेंगें और स्वंय भी बिना अनुमति के मुख्यालय नही छोड़गें। उल्लंघन करने पर सम्बंधित के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

**तालाबों की खुदाई...** की धज्जिया उड़ाते हुए माफियाओं द्वारा अवैध रूप से लगभग 40 लाख रूपये की मिट्टी निकालकर बाजार में बेचीं गयी तथा तालाब के साथ में एक नदी है उसमें से भी अवैध रूप से रेता निकाला गया।बेहड़ ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री को इस तालाब की जांच करने का आग्रह किया गया था जिस पर अपर जिलाधिकारी व खनन विभाग ने जांच की थी तथा 12 लाख का जुर्माना भी लगाया था। इसी प्रकार किच्छा के अनेकों गाँव जैसे देवरिया,पक्की खमरिया,मलसी, कुर्रेया,भंगा,छिनकी ,सैंजना ,रायपुर जैसे अनेकों स्थान पर अधिकारियों की मिलीभगत से सरकारी तालाब खोदें गए, समस्त खोंदे गए तालाबो में करोड़ो रूपये का घोटाला किया गया है। सरकारी मानकों की पूर्णरूप से अनदेखी की गयी है तथा सरकार को करोडो रूपये का राजस्व का नुकसान पहुंचाया है,इसमें गल्फार कम्पनी तथा एनएचएआई के लोग भी मिले हुए है। बेहड़ ने डीएम से किच्छा विधानसभा क्षेत्र के समस्त खोदे गए तालाबों के हुए खुदानों की उच्च स्तरीय जांच कराने और खुदान के नाम पर हुए करोडो के घोटाले का पर्दाफाश करने की मांग की है।

**खाई में गिरी बाइक...**हेतु जा रहे थे । रास्ते में अचानक बाइक अनियंत्रित होकर लगभग 100 मीटर गहरी खाई में गिर गयी। एसडीआरएफ टीम ने रात्रि के घनघोर अंधेरे व अत्यधिक विषम परिस्थितियों के बीच त्वरित कार्यवाही करते हुए रोप के माध्यम से खाई उतरकर वाहन तक पहुँच बनायी। वाहन में सवार 3 लोगों में से 25 वर्षीय आकाश उपाध्याय पुत्र राजू उपाध्याय निवासी सुल्तानपुर अमेठी उत्तर प्रदेश की मौत हो चुकी थी जबकि 21 वर्षीय विश्वास प्रताप सिंह पुत्र राजू सिंह निवासी सुल्तानपुर अमेठी और 21 वर्षीय अपूर्व सिंह पुत्र संजय सिंह निवासी अमेठी घायल अवस्था में थे।एसडीआरएफ टीम ने सिविल पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर कड़ी मशक्कत करते हुए दोनों घायलों को रोप स्ट्रेचर के माध्यम से खाई से बाहर निकालकर उचित उपचार हेतु एम्बुलेंस द्वारा अस्पताल भिजवाया। जबकि शव को भी खाई से बाहर निकालकर जिला पुलिस के सुपुर्द किया गया।

**आंतरिक सर्वे ने ....**संपन्न होने वाली महा जनसंपर्क अभियान समीक्षा बैठक, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ,राष्ट्रीय महासचिव संगठन, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट एवं राज्य संगठन महासचिव शिरकत करेंगे, के बाद इस संबंध में कोई निर्णय लिया जा सकता है। यद्यपि भारतीय जनता पार्टी के उत्तराखंड अध्यक्ष महेंद्र भट्ट पार्टी के आंतरिक सर्वे के निष्कर्षों के बारे में मीडिया के समक्ष साफ तौर पर कुछ कहने से बचते रहे और उन्होंने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया क कि पार्टी चुनावों को लेकर समय-समय पर सर्वे कराती रहती है। कई बार तो यह सर्वे इतने गोपनीय होते हैं कि हमें इनकी भनक तक नहीं लग पाती ।पार्टी का यह प्रयास है कि आगामी लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड की सभी लोकसभा सीटों को भारी अंतर से जीता जाए और इसके लिए प्रत्याशी चयन में विशेष सावधानी बरती जाएगी।

**दरोगा पर वाहन...**टीम को सूचना मिली किी मोटरसाईकिल सवार दो उचक्के मैट्रोपोलिस सिटी के पास एक महिला के पर्स लूटकर भागे हैं। सूचना पर उपनिरीक्षक पंकज कुमार द्वारा एक मोटर साईकिल पर दो लोगों की आते देखकर बैरियर लगाकर मोटर साईकिल को रोकने की कोशिश की गयी तो पुलिस को देखकर बाइक सवार युवकों ने तेजी से मोटर साईकिल चलाकर उपनिरीक्षक मोहन चन्द्र भट्ट पर बाईक चढ़ा दी। जिसमें मोहन भट्ट गंभीर घायल हो गये। उन्हें गौतम अस्पताल में भर्ती किया गया है। लूट के बाद भगा रहे दोनों मोटर साईकिल सवार अंशु रस्तोगी पुत्र राजा रस्तोगी निवासी ट्राजिट कैम्प, स्थायी निवासी बदायूँ उत्तर प्रदेश और संजय कुमार उर्फ सन्जू उर्फ रघु पुत्र राजेन्द्र पाल निवासी शिमला बहादुर ट्रांजिट कैम्प स्थायी निवासी संकुली थाना शाही जिला बरेली उत्तर प्रदेश गिर कर चोटिल हो गये जिन्हे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय भेजा गया। मौके पर उक्त लूट करने वाले अभियुक्त गणों से लूट का सामान व लूट में प्रयुक्त मोटर साईकिल भी बरामद हुई। दोनो अभियुक्त गणों को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। जिनकी निगरानी के लिए पुलिस बल लगाया गया था। अस्पताल में भर्ती आरोपियों में से संजू उर्फ रघु उर्फ संजय कुमार पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। जबकि दूसरे आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है। एसएसपी ने बताया कि फरार आरोपी की तलाश के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

**हल्दूचौड़ के ...**रहा था जहां उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने की सूचना होटल संचालकों द्वारा गुरुवार को परिजनों को दी गई। जिस पर युवक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। देर सांय परिजन जयपुर रवाना हए निखिल अपनी मां का इकलौता सहारा था । निखिल के पिता का पहले ही देहांत हो चुका है।

**मायके से लौट रही...**उक्त मोटर साइकिल सवार दोनों व्यक्ति अपनी मोटर साइकिल से हल्द्वानी रोड की तरफ तेजी से भाग गये । उनका कुछ दूरी तक पीछा किया लेकिन वे पकड़ में नहीं आ सके । पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर पर्स लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden
CONSTRUCTING HAPPINESS
RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497
काशी गार्डन
आवासीय प्लॉट एवं विला
रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
40 एवं 30 फीट की सड़कें
4 पार्क
गेट बंद कॉलोनी
सीव्रेज व्यवस्था
ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा
साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर
86504-18000